संख्या-53 /2020/1922 /58-2020-148/2015-टी0सी0

प्रेषक,

आलोक सिन्हा,
कृषि उत्पादन आयुक्त,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

1- अपर मुख्य सचिव,
कृषि विपणन, उत्तर प्रदेश।

2- अपर मुख्य सचिव,
उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग, उत्तर प्रदेश।

3- प्रमुख सचिव,
खाद्य एवं रसद विभाग, उत्तर प्रदेश।

4- प्रमुख सचिव,
दुग्ध विकास विभाग, उत्तर प्रदेश।

5- समस्त मण्डलायुक्त, उत्तर प्रदेश।

6- समस्त जिलाधिकारी, उत्तर प्रदेश।

उद्यान अनुभाग **लखनऊ::दिनांक:: 02 नवम्बर, 2020**

विषयः- आलू, प्याज एवं टमाटर के बाजार भाव में नियंत्रण विषयक।

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषय की तरफ आपका ध्यान आकृष्ट करते हुए अवगत कराना है कि प्रदेश की मण्डियों में आलू, प्याज एवं टमाटर के बाजार भाव वर्तमान में अपेक्षाकृत अधिक चल रहें हैं। रबी मौसम में उत्पादित होने वाली टमाटर की फसल माह नवम्बर के अन्त तक ही मण्डियों में विक्रय हेतु उपलब्ध हो सकेगी। प्याज की आवक वर्तमान में गुजराज, महाराष्ट्र एवं मध्य प्रदेश में खरीफ मौसम में उत्पादित फसल से हो रही है और प्रदेश का उत्पादन आगामी मार्च माह के बाद ही उपलब्ध हो सकेगा।

2- इन उत्पादों के बाजार भाव में अचानक वृद्वि होने से आम उपभोक्ताओं को राहत दिलाये जाने के संबंध में अवगत कराना है कि प्रदेश में आलू के अन्तर्गत लगभग 6 लाख हेक्टेयर आच्छादित क्षेत्रफल से गत वर्ष 140 लाख मीट्रिक टन उत्पादन हुआ। प्रदेश में 1911 शीतगृह संचालित हैं, जिनकी भण्डारण क्षमता 156.86 लाख मी0टन है। इस वर्ष कुल 98.18 लाख मी0टन आलू का भण्डारण हुआ, जो कि गत वर्ष में हुये भण्डारण (121.99 लाख मी.टन) के सापेक्ष कम है। दिनांक 27.10.2020 तक प्रदेश के निजी शीतगृहों में कुल निकासी 83.12 लाख मी.टन हुई है तथा 15.08 लाख मी.टन शीतगृहों में अवशेष है, जबकि गत वर्ष इस अवधि में निकासी 89.80 लाख मी.टन हुई थी तथा 32.19 लाख मी.टन अवशेष था। कृषि विपणन एवं कृषि विदेश व्यापार निदेशालय द्वारा उपलब्ध करायी गई सूचना के अनुसार दिनांक 29.10.2020 को जनपद मथुरा की मण्डी में न्यूनतम थोक बाजार भाव रु. 2680 प्रति कुन्तल एवं गाजियाबाद में अधिकतम थोक बाजार भाव रु. 3275 प्रति कुन्तल रहे तथा फुटकर बाजार भाव रु. 35 से 45 के बीच रहे हैं।

3- प्रदेश में प्याज की खेती लगभग 28000 हेक्टेयर क्षेत्र में की जाती है और उत्पादन लगभग 4.50 लाख मी0टन है। प्रदेश में मार्च से सितम्बर तक पर्याप्त मात्रा में प्याज की उपलब्धता रहती है। माह अक्टूबर से फरवरी के मध्य देश के अन्य प्रदेशों से प्याज की आवक होती है, जिसके कारण बाजार में प्याज के मूल्य में वृद्धि सम्भावित रहती है। वर्तमान समय में प्याज के मूल्य में वृद्धि होने का प्रमुख कारण उत्तर प्रदेश में खरीफ प्याज का उत्पादन नगण्य होना तथा दूसरे प्रदेशों से आवक कम होना है। महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश में भारी बारिश से प्याज की फसल खराब होने के कारण प्याज के भाव में बढ़ोत्तरी है। इस वर्ष 29 अक्टूबर 2020 तक आवक मात्र 6.13 लाख मी. टन तथा औसत थोक बाजार भाव रु0 4347 प्रति कुन्तल एवं फुटकर बाजार भाव रू0 40 से 60 प्रति किलोग्राम के मध्य हैं।

http://shasanadesh.up.gov.in

4- प्रदेश में टमाटर की खेती लगभग 21500 हेक्टेयर क्षेत्रफल में की जाती है और उत्पादन लगभग 8.8 लाख मी0टन है। प्रदेश में दिसम्बर से जून तक पर्याप्त मात्रा में टमाटर की उपलब्धता रहती है। माह जुलाई से नवम्बर के मध्य देश के अन्य प्रदेशों से टमाटर की आवक होती है, जिसके कारण बाजार में टमाटर के मूल्य में वृद्धि सम्भावित रहती है। वर्तमान समय में टमाटर के मूल्य में वृद्धि होने का प्रमुख कारण प्रदेश में अगेती टमाटर का उत्पादन अधिक वर्षा के कारण कम होना है। हरियाणा और हिमाचल प्रदेश में भारी बारिश से टमाटर की वर्तमान फसल में क्षति के कारण है। उ0प्र0 की विभिन्न मण्डियों में 29 अक्टूबर तक आवक मात्र 3.06 लाख मी.टन, औसत थोक बाजार भाव रु0 2703 प्रति कुन्तल तथा फुटकर बाजार भाव रू0 40 से 70 प्रति किलोग्राम के मध्य है।

उपरोक्त के दृष्टिगत मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि प्रदेश में आलू, प्याज एवं टमाटर के मूल्यों में वृद्धि को नियंत्रित करने के दृष्टिगत उ0प्र0राज्य कृषि उत्पादन मण्डी परिषद्, उ0प्र0 राज्य औद्यानिक सहकारी विपणन संघ(हाफेड), दुग्ध विकास विभाग तथा राज्य कर्मचारी कल्याण निगम के Outlet के माध्यम से बाजार भाव के स्थिरीकरण एवं आम जन को उचित मूल्य पर उपलब्धता कराया जाना अपेक्षित है और इस पर निरन्तर निगरानी रखी जाय। इस संबंध में उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण निदेशालय, लखनऊ में कन्ट्रोल रूम स्थापित किया गया है, जिसका दूरभाष नम्बर 0522-4316367 है, इस नम्बर पर किसी भी प्रकार सूचना देने अथवा प्राप्त करने हेतु सम्पर्क किया जा सकता है।

भवदीय,

(आलोक सिन्हा)
कृषि उत्पादन आयुक्त।

<u>पृष्ठांकन सं0-53 /2020/1922(1) /58-2020, तद्दिनांकः:</u>

प्रतिलिपिः- निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1- आयुक्त, खाद्य एवं रसद विभाग, उत्तर प्रदेश।
2- निदेशक, उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग, लखनऊ।
3- निदेशक, उ0प्र0 राज्य कृषि उत्पादन मण्डी परिषद, लखनऊ।
4- प्रबन्ध निदेशक, उ0प्र0 राज्य औद्यानिक सहकारी विपणन संघ(हाफेड), लखनऊ।
5- समस्त उप निदेशक उद्यान, उत्तर प्रदेश।
6- समस्त जनपदीय उद्यान अधिकारी, उत्तर प्रदेश।

आज्ञा से,

(आलोक सिन्हा)
कृषि उत्पादन आयुक्त।

http://shasanadesh.up.gov.in